**2.13 Student Progression**

**(i) Percentage of students opted for higher education**

More ***than 50%*** passed students of the college opted for higher education degrees like M.A./M.Sc./M.Com. and B.Ed.

**(ii) No. of students cleared national examinations**



दैनिक सवेरा टाइम्स

अंधेरे से उजाले की ओर...

# कुलथी गांव के अश्विनी कुमार बने कॉमर्स लेक्चरर

**सवेरा न्यूज/मनोज कांगड़ा,** : ग्राम पंचायत कुलथी के गांव ढिन्नू (कांगड़ा) के अश्विनी कुमार ने हिमाचल प्रदेश पब्लिक सर्विस कमीशन पास करके लेक्चरर कॉमर्स (न्यू) के पद पर गवर्नमेंट सीनियर सैकेंडरी स्कूल घाटी (कांगड़ा) में ज्वाइन किया। उन्होंने अपनी प्राथमिक शिक्षा राजकीय प्राथमिक पाठशाला दिन्नू, मैट्रिक तक की शिक्षा राजकीय उच्च विद्यालय कुलथी, जमा दो की शिक्षा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय दौलतपुर, तथा उच्चतर शिक्षा गवर्नमेंट डिग्री कॉलेज तकीपुर से प्राप्त की। 26 वर्षीय युवा अश्विनी कुमार ने कड़ी मेहनत और लगन से ऊंचा मुकाम हासिल कर सरकारी स्कूलों में पढ़ाई कर रहे हजारों बच्चों के लिए सफलता का मार्ग प्रशस्त किया है। अश्विनी कुमार ने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता एवं अध्यापकों को दिया। चंगर क्षेत्र के युवा को उल्लेखनीय उपलब्धि पर ग्राम पंचायत प्रतिनिधियों, बुद्धिजीवियों एवं समाजसेवी संस्था पहल की तरफ से बहुत बहुत बधाई और उज्जवल भविष्य के लिए अनंत शुभकामनाएं।

दैनिक सवेरा

Tue, 08 April 2025

epaper.dainiksaveratimes.in/c/7713530